दिनांक-12.10.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में मुख्य अभियंता, पटना उपभाग के साथ हुई समीक्षा बैठक की कार्यवाही :-

---

उपस्थिति :- पंजी के अनुसार।

केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0-1

1. **विकास भवन कॉरिडोर में फॉल्स सिलिंग** :- कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि प्रथम तल का कार्य पूर्ण है। कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-3 द्वारा बताया गया कि भूतल का कार्य पूर्ण, द्वितीय तल का कार्य 85 प्रतिशत तथा तृतीय तल का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। साथ ही Patchup का कार्य हो रहा है तथा Debris हटाया जा रहा है।

   निदेश दिया गया कि फॉल्स सिलिंग कार्य अगले एक सप्ताह में पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय। मुख्य अभियंता, गुणवत्ता अनुश्रवण कराये जा रहे कार्य के गुणवत्ता की जाँच करेगें।

   अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल-3/ मुख्य अभियंता, गुणवत्ता अनुश्रवण।

2. **विकास भवन परिसर में 04 लिफ्टों का अधिष्ठापन कार्य** :- कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि एक लिफ्ट आ गया है एवं इसका अधिष्ठापन प्रारंभ है। दो अद्द लिफ्ट दिनांक 13.10.2026 तथा एक अद्द दिनांक 20.11.2026 को स्थल पर उपलब्ध हो जायेगा। एकरारनामा के अनुसार लिफ्ट का अधिष्ठापन कार्य अक्टूबर माह तक पूर्ण किया जाना था। अभी तक लिफ्ट के उपकरणों की आपूर्ति नहीं किया जाना गभीर विषय है।

   कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि आपूर्तिकर्ता एवं संवेदक से कारण पृच्छा की जाय तथा एकरारनामा के अनुसार निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण नहीं करने के लिए आपूर्तिकर्ता एवं संवेदक के विरूद्ध नियमानुकूल दंडात्मक कार्रवाई की जाय।

   अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0-1/मुख्य अभियंता, पटना/मुख्य अभियंता(विद्युत)

3. **लिफ्ट मेंटेनेंसस पॉलिसी** :- अभियंता प्रमुख, विद्युत द्वारा जानकारी दी गई कि विधि विभाग, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग के विभिन्न भवनों में भवन निर्माण विभाग द्वारा लिफ्टों का अधिष्ठापन किया गया है। अधिष्ठापित लिफ्टों की संख्या 500 से अधिक है। इन लिफ्टों के मरम्मति एवं रख-रखाव हेतु किसी भी एजेंसी के साथ AMC नहीं है।

   अभियंता प्रमुख के द्वारा बताया गया कि अग्रेतर कार्रवाई प्रगति में है अन्य विभाग से रिपोर्ट प्राप्त करने की कार्रवाई की गयी है।

निदेश दिया गया कि संबंधित विभागों से सहमति प्राप्त कर AMC हेतु प्रशासनिक स्वीकृति का प्रस्ताव भेजा जाय। साथ ही लिफ्ट हेतु मेंटेनेंस पॉलिसी भी तैयार की जाय।

अनुपालन :-अभियंता प्रमुख, विद्युत ।

4. **विकास भवन के सामने पार्किंग स्थल का निर्माण** :- भू-संपदा पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि विकास भवन स्थित कुछ विभागों से पार्किंग की आवश्यकता संबंधी प्रतिवेदन प्राप्त है।

निदेश दिया गया कि शेष विभागों को भी अलग-अलग पत्र देकर शीघ्र प्रतिवेदन प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही पार्किंग स्थल आवंटन का प्रस्ताव भी तैयार किया जाय।

अनुपालन :-भू-संपदा पदाधिकारी/अपर सचिव।

5. **मुख्य सचिवालय सभागार का जीर्णोद्धार** :- कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल-1 को पिछले बैठक में निदेशित किया गया था कि मुख्य सचिवालय स्थित सभागार के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव तैयार कर इसका 3-डी आरेख प्रस्तुत किया जाय। परन्तु उनके द्वारा 3-डी आरेख प्रस्तुत नहीं किया गया जो कि गम्भीर विषय है। निदेशित किया गया कि अगले एक सप्ताह के अंदर उक्त पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0-1

6. **विश्वेश्वरैया भवन पार्किंग** :- कई विशिष्ट आगंतुकों द्वारा शिकायत प्राप्त हुई है कि उनके वाहनों के पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं है। निदेश दिया गया कि बेसमेंट पार्किंग में आवंटित स्थलों की समीक्षा कर आगंतुकों के वाहन पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। इस संबंध में पुनः कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि बेसमेंट का लाईन प्लान पर चिन्हित कर प्रस्तुत करेंगे।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0-1/मुख्य अभियंता, पटना।

7. **विद्युत तार एवं उपकरणों की जांच हेतु प्रयोगशाला** :- अभियंता प्रमुख, विद्युत द्वारा बताया गया कि SOP तैयार हो गया है। प्रशासनिक स्वीकृति एवं ई-निविदा की कार्रवाई SOP अनुमोदनोपरांत की जायेगी।

अनुपालन :-अभियंता प्रमुख, विद्युत।

8. **मुख्य सचिवालय एवं सिंचाई भवन के बीच के स्थल का विकास** :- कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि पेवर ब्लॉक लगाकर इस स्थल पर पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है।

निदेश दिया गया कि वृक्षों के आस-पास हेज विकसित किया जाय तथा हेज से ही चहारदीवारी विकसित की जाय। खाली स्थल पर पेवर लगाकर दो पहिया वाहन के पार्किंग की व्यवस्था की जाय। साथ ही कार्यपालक अभियंता, उद्यान प्रमंडल, पटना को निदेशित किया गया कि वृक्षों के आस-पास हेज विकसित का कार्य कराने हेतु अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0-1/उद्यान प्रमंडल, पटना/मुख्य अभियंता, पटना।

केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0-2

1. **लोक सेवक आवास** :-कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि लोक सेवक आवास 1 अण्णे मार्ग के पहुंच पथ के नवीकरण कार्य का प्राक्कलन तैयार कर निविदा प्रकाशित किया जा चुका है। बी.ओ.क्यू. अपलोड किया जा चुका है। निविदा की अंतिम तिथि 14.10.2026 है। कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि निविदा समाप्ति की तिथि के तुरंत बाद तकनीकी कागजात मुख्यालय समर्पित की जाय तथा मुख्य अभियंता इसका शीघ्र निष्पादन करेंगे।

   अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0-2/मुख्य अभियंता, पटना।

2. **03 देशरत्न मार्ग** :- कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि मुख्य वास्तुविद् से विमर्श कर परिसर के खाली स्थलों को अलग करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाय।

   अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0-2/मुख्य वास्तुविद्।

3. **माननीय मंत्रियों के आवास की मरम्मति** :- कार्यपालक अभियंता से माननीय मंत्रियों को आवंटित आवास के मरम्मति कार्य की प्रगति के संबंध में पृच्छा की गई। निदेश दिया गया कि जिन माननीय मंत्रीगण के आवास की मरम्मति अभी तक नहीं हो सकी है, उसकी सूची एवं प्रस्ताव अविलंब प्रस्तुत किया जाय। इस संबंध में मुख्य अभियंता(पटना) द्वारा बताया गया कि दिनांक 12.10.2026 को ही सूची प्राप्त हुयी है जिसपर शीघ्र अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

   अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0-2/मुख्य वास्तुविद्।

पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल, पटना

1. **ए.जी. ऑफिस** :- कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि बैरक क्रियाशील हो चुका है। मुख्य भवन का निर्माण बैरक के हटने के उपरांत किया जाएगा।

   निदेश दिया गया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण किया जाय तथा कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाय।

   अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल/मुख्य अभियंता, पटना।

2. **जिला अतिथिगृह, पटना** :- जिला अतिथिगृह, पटना में अतिरिक्त कमरों के निर्माण के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि तकनीकी स्वीकृति हेतु प्रस्ताव मुख्य अभियंता निरूपण को भेजा जा चुका है। एन. आई.टी. प्रकाशित हो चुकी है। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि प्राक्कलन पर तकनीकी स्वीकृति प्राप्त है तथा परिमाण विपत्र दिनांक 12.10.2026 को अपलोड किया जाना है। निविदा खोलने की तिथि 04.11.2026 है।

निदेश दिया गया कि प्राक्कलन में आंतरिक साज-सज्जा एवं उपस्कर का प्रावधान शामिल किया जाय तथा ससमय बी.ओ.क्यू. अपलोड करना सुनिश्चित किया जाय।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल /मुख्य अभियंता, पटना।

3. **एम.एल.ए./एम.एल.सी. आवासीय परिसर** :- कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि परिसर में आगंतुकों हेतु शौचालयों का प्राक्कलन तैयार कर अधीक्षण अभियंता के कार्यालय में समर्पित कर दी गयी है। बागवानी भी अभी तक विकसित नहीं किया गया है, जबकि रख-रखाव हेतु चयनित एजेंसी के कार्यों में बागवानी का रख-रखाव शामिल किया गया है।

निदेश दिया गया कि परिसर में समूचित स्थल चिन्हित कर शौचालय का निर्माण तथा बागवानी का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाय।

कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-2, पटना को निदेशित किया गया कि योजना के अंतर्गत वीरचंद पटेल मार्ग स्थित बी0जे0पी0 कार्यालय के सामने मेन गेट का निर्माण शीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल /संरचना प्रमंडल संख्या-2/मुख्य अभियंता, संरचना/मुख्य अभियंता, पटना।

4. **संयुक्त कार्यालय भवन** :- भू-संपदा पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि संरचना प्रमंडल सं0-1, 2 एवं 3 तथा विद्युत कार्य प्रमंडल सं0-01 एवं संरचना एवं अधीक्षण अभियंता, विद्युत पटना अंचल के कार्यालय हेतु चौथा एवं पांचवा तल आवंटित किया गया है। शेष का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

निदेशित किया गया कि प्रस्ताव के अनुसार ले-आउट प्लान तैयार कर कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल सं0-3 को उपलब्ध कराया जाय, ताकि शीघ्र कार्य पूर्ण कराया जा सके। मुख्य वास्तुविद द्वारा बताया गया कि ले-आउट प्लान कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-3, पटना को उपलब्ध करा दिया गया है। उक्त के आलोक में कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-3, पटना अतिशीघ्र कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालन :-भू-संपदा पदा0/मुख्य वास्तुविद्/कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-3

उच्च न्यायालय भवन प्रमंडल, पटना

1. **हॉस्पीटल भवन** :- कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि संवेदक द्वारा बैंक गारंटी जमा कर दिया गया है जो कि जाँच हेतु भेजा गया है। दो से तीन दिनों में एकरारनामा कर लिया जायेगा।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, उच्च न्यायालय भवन प्रमंडल/मुख्य अभियंता, पटना।

2. **मल्टीयूटीलिटी भवन** :- कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि सिटींग अरेजमेंट प्लान मुख्य वास्तुविद् द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। मुख्य वास्तुविद् द्वारा बताया गया कि सिटींग अरेजमेंट प्लान विधि विभाग, बिहार को अनुमोदन हेतु भेजा गया है।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, उच्च न्यायालय भवन प्रमंडल/मुख्य वास्तुविद/मुख्य अभियंता, पटना।

3. **पार्किंग व्यवस्था** :- माननीय उच्च न्यायालय परिसर में ऑडिटोरियम एवं मल्टी लेवेल कार पार्किंग का निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाने के उपरांत पार्किंग की वैकल्पिक व्यवस्था हेतु निदेशित किया गया कि मिलर हाई स्कूल के मैदान में ही पार्किंग की व्यवस्था की जाय।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, उच्च न्यायालय भवन प्रमंडल/मुख्य अभियंता, पटना।

भवन प्रमंडल गर्दनीबाग, पटना

1. **मंत्री इनक्लेव** :-कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि साफ-सफाई कार्य हेतु चयनित एजेंसी को LOA निर्गत किया जा चुका है। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि संवेदक एक सप्ताह में बैंक गारंटी जमा कर देगें। बैंक गारंटी जाँचोपरांत एकरारनामा कर लिया जायेगा। निदेश दिया गया कि चयनित एजेंसी के साथ शीघ्र एकरारनामा निष्पादित कर कार्य प्रारंभ कराया जाए। अधीक्षण अभियंता विद्युत को निदेश दिया गया कि मंत्री इनक्लेव में कराये जाने वाले अतिआवश्यक विद्युत अनुरक्षण के कार्यों का प्राक्कलन तैयार कर समर्पित करेंगे, ताकि Work of Scope में शामिल करने की अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गर्दनीबाग/मुख्य अभियंता, विद्युत/मुख्य अभियंता, पटना।

2. **मानवाधिकार आयोग भवन** :- कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि भवन के निर्माण हेतु 343 पाईल किया जाना है, जिसमें से 165 पाईल का निर्माण कर लिया गया है। शेष कार्य चल रहा है।

निदेश दिया गया कि समय-सीमा के अधीन कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए। निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गर्दनीबाग/मुख्य अभियंता, पटना।

3. **सोलर पैनल** :- कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि पदाधिकारी एवं कर्मचारी आवासन परिसर में सोलर पैनल का अधिष्ठापन हो चुका है। नेट मिटरिंग का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। ब्रेडा द्वारा अगले सप्ताह से यह संयत्र पूर्णतः क्रियाशील कर लिया जाएगा। कार्यपालक अभियंता, विद्युत द्वारा बताया गया कि कार्य चल रहा है तथा 08 टॉवर में कार्य पूर्ण हो चुका है।

निदेश दिया गया कि सोलर पैनल संयत्र को शीघ्र क्रियाशील कराना सुनिश्चित किया जाय।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गर्दनीबाग/मुख्य अभियंता, विद्युत/मुख्य अभियंता, पटना।

4. **गर्दनीबाग स्थित आवासीय परिसर** :- कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि पदाधिकारी एवं कर्मचारी आवासन परिसर में स्थित कम्युनिटी हॉल की बुकिंग की कार्रवाई अपने स्तर से करना सुनिश्चित करेंगे। कार्यपालक अभियंता, गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, पटना द्वारा बताया गया कि उक्त परिसर में स्थित जिम कार्य हेतु पुनर्निविदा आमंत्रित है, जिसकी अंतिम तिथि 28.10.2026 है।

कार्यपालक अभियंता, उद्यान एवं गर्दनीबाग प्रमंडल, पटना संयुक्त निरीक्षण कर ई-3, ई-4 एवं परिसर के चहारदिवारी के किनारे Horticulture संबंधित कार्य का प्रतिवेदन तथा अग्रेतर कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालन :-कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गर्दनीबाग/उद्यान प्रमंडल, पटना।

अन्यान्य

श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल, पटना :- सूचना मिली है कि श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल के छत में खराबी के संबंध में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि कार्य कराया जा रहा है। निदेश दिया गया कि गुणवत्ता के साथ शीघ्र कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।

आवासों की मरम्मति :- यह तथ्य प्रकाश में आया है कि कई पदाधिकारियों के आवासों की मरम्मति की स्वीकृति उनके अनुरोध पर दी जाती है, परंतु मरम्मति कार्य उनके स्थानांतरण एवं आवास रिक्त करने के उपरांत प्रारंभ किया जाता है।

निदेशित किया गया कि पदाधिकारियों के स्थानांतरण के उपरांत नये पदाधिकारियों के आवास के प्रभार ग्रहण करने के पूर्व अथवा सेवानिवृति/कार्यकाल के अंत में मरम्मति कार्य नहीं कराए जाएं।

अनुपालन :-सभी कार्यपालक अभियंता,/मुख्य अभियंता, पटना।

बैठक की कार्यवाही सधन्यवाद समाप्त की गयी।

ह0/-

(प्रणव कुमार)
सचिव

ज्ञापांक-2758(1) _____ दिनांक-14/10/26

प्रतिलिपिः-आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेब-साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

14/10/2026

मुख्य अभियंता, पटना।